Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**नाम : ___________** | **वार्षिक परीक्षा (मार्च-2024)** | **कुल अंक 80**

**अनुक्रमांक________** | **कक्षा: IV ___** | **समय - 3 घंटे**

**दिनाँक 01.03.2024** | **विषयः हिंदी**

**भाग क**

**क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है । भूकंप के भारी झटके से धरती पर दरारें पड़ जाती हैं और उनमें से गर्म लावा और विषैली वायु बाहर निकलती है। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी इमारतें नष्ट हो जाती हैं। हजारों लोग मलबे के नीचे दब जाते हैं या घायल हो जाते हैं। कभी-कभी हरे भरे गाँव तथा सुंदर नगर खण्डहरों में बदल जाते हैं। जापान में भूकंप आते रहते हैं। भूकंप के प्रकोप से बचने के लिए वहाँ के लोग लकड़ी आदि का प्रयोग करके छोटे-छोटे निवास स्थान बनाते हैं। भूकंप आने पर वहाँ जान के बचाव का उपाय किया जाता है।

1. भूकंप के झटकों से धरती से क्या - क्या बाहर निकलता है ?
2. हरे-भरे गाँव पर भूकंप का क्या असर पड़ता है?
3. भूकंप से बचने के लिए जापान के लोग कैसे घरों में रहते हैं ?
4. 'पवन' शब्द का समानार्थी शब्द गद्यांश में से ढूँढ़ कर लिखिए ।
5. 'बचाव' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

**ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -** **(5)**

6. गाँव में रहने वाला - 8. जो पुराने समय का हो - 10. जिसके माता-पिता न हो -

7. जो सत्य बोलता हो - 9. जो आज के समय का हो -

**ग) दो - दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(6)**

11. इच्छा 12. घोड़ा 13. मित्र

**घ) उचित क्रिया विशेषण शब्द भरो -** **(4)**

14. वह ________ से चला गया ।
15. _________ जाकर बैठ जाओ।
16. तुम्हें ______ उठना चाहिए।
17. ऊँट _______ चलता है।

**ङ) क्रिया विशेषण शब्द रेखांकित करें -** **(2.5)**

18. हाथी धीरे चलता है। 21. माता जी ऊपर कपड़े सुखा रही हैं।

19. वह बहुत कम सोती है। 22. वह देर तक पढ़ता रहा ।

20. थोड़ा दही ले आओ।



Scanned with OKEN Scanner

**च) गिनती को शब्दों में लिखें -** **(6)**

23. (52) - 25. (74) - 27. (63) -

24. (60) - 26. (65) -. 28. (70) -

**छ) प्रत्यय लगाकर दो - दो शब्द लिखें -** **(6)**

29. वाला - 30. आवट - 31. नी -

**ज) मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाएँ -** **(4.5)**

32. मक्खी मारना - 33. हाथ फैलाना - 34. नौ दो ग्यारह होना -

## भाग ख ( पाठ्य पुस्तक )

**झ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(5)**

35. साङ्केन का त्योहार किस प्रदेश में मनाया जाता है ?

i) मध्य प्रदेश ii) अरुणाचल प्रदेश iii) उत्तर प्रदेश

36. गौरव छुट्टियों में मामा जी के साथ कहाँ गया ?

i) फिरोज़पुर ii) नैनीताल iii) मसूरी

37. वैद्यराज धन्वंतरि को अपने फोड़े के लिए जड़ी कहाँ पर मिली ?

i) सड़क पर ii) चट्टान के पास iii) पर्वत पर

38.गौरव के दोस्त का क्या नाम था ?

i) नसीर ii) नवीन iii) नसीम

39.बच्चों ने पेड़ पर क्या लगा हुआ देखा?

i) आम ii) मधुछत्ता iii) अंगूर

**ञ) नीचे दिए उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें -** **(4)**

**" तीन दिनों तक मनाए जाने वाले इस त्योहार में सब लोग एक-दूसरे पर पानी फेंकते हैं और चावल का आटा लगाते हैं ।"**

40. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

41. यह त्योहार कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

42. लोग एक दूसरे पर क्या फेंकते हैं?

43. इस त्योहार पर लोग एक दूसरे पर क्या लगाते हैं?

**ट) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए-** **(6)**

44. उपचार - 46. व्यायाम - 48. बेहाल -

45. फुरती - 47. भ्रमण - 49. औषधि -



Scanned with OKEN Scanner

कक्षाः IV

**ठ) सही वर्तनी (spellings) चुनें -** **(4)**

| | | |
|---|---|---|
| 50. विक्षाम | विश्राम | विषाम |
| 51. बीमारी | बिमारी | बीमारि |
| 52. सरवोच्च | सर्वोचच | सर्वोच्च |
| 53. उँचे | ऊँचे | ऊंचे |

**ड) विलोम शब्द लिखें -** **(3)**

54. शांत - 55. सुबह - 56. ताज़ा -

**ढ) नीचे लिखे वाक्यों में काल पहचान कर लिखें -** **(2)**

57. सभी मित्र बैठकर बातें कर रहे थे । ________________

58. हम कल पुस्तक मेला देखने जाएँगे । ________________

**ण) सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाएँ -** **(1)**

59. साङकेन खाम्ती लोगों का बहुत बड़ा त्योहार है। ( )

60. साङकेन के जुलूस में लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं । ( )

**त) अति लघु प्रश्न -** **(1×3=3)**

61. माँ गौरव को बुलाने क्यों आई?

62. बगीचा कैसा था ?

63. आचार्य जंगल में क्यों गए ?

**थ) लघु प्रश्न -** **(2×2=4)**

64. साङकेन के त्योहार के लिए सब क्या - क्या तैयारियाँ करते हैं ?

65. जड़ी ने वैद्यराज से क्या कहा ?

**द) मूल्यपरक प्रश्न** **(3)**

66. खेलने, सैर करने तथा व्यायाम करने का गौरव पर क्या असर पड़ा?

**ध)** 67. **कहानी लेखन - सारस और लोमड़ी** **(6)**

**संकेत** - दो मित्र...... सारस को दावत पर बुलाना......... खीर बनाना...... चौड़ा बर्तन...... बदले की भावना आना......... लोमड़ी को घर बुलाना ...... लंबी गर्दन वाले बर्तन में परोसना ...... खीर न खा पाना...... पछताना ........

**शिक्षा -**



Scanned with OKEN Scanner

Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**नाम : ____________** | **वार्षिक परीक्षा ( मार्च-2024)** | **कुल अंक 80**

**अनुक्रमांक_________** | **कक्षा: IV ___** | **समय - 3 घंटे**

**दिनाँक 01.03.2024** | **उत्तर कुँजी** | **विषयः हिंदी**

**भाग क**

**क) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें - (5)**

परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है । भूकंप के भारी झटके से धरती पर दरारें पड़ जाती हैं और उनमें से गर्म लावा और विषैली वायु बाहर निकलती है। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी इमारतें नष्ट हो जाती हैं। हजारों लोग मलबे के नीचे दब जाते हैं या घायल हो जाते हैं। कभी-कभी हरे - भरे गाँव तथा सुंदर नगर खण्डहरों में बदल जाते हैं। जापान में भूकंप आते रहते हैं। भूकंप के प्रकोप से बचने के लिए वहाँ के लोग लकड़ी आदि का प्रयोग करके छोटे-छोटे निवास स्थान बनाते हैं। भूकंप के आने पर वहाँ जान के बचाव का उपाय किया जाता है।

1. भूकंप के झटकों से धरती से क्या - क्या बाहर निकलता है ?

   उ० **भूकंप के झटको से धरती से गर्म लावा और विषैली वायु बाहर निकलती है ।**

2. हरे - भरे गाँव पर भूकंप का क्या असर पड़ता है?

   उ० **हरे - भरे गाँव खण्डहरों में बदल जाते हैं।**

3. भूकंप से बचने के लिए जापान के लोग कैसे घरों में रहते हैं ?

   उ० **भूकंप से बचने के लिए जापान के लोग लकड़ी के घरों में रहते हैं ।**

4. 'पवन' शब्द का समानार्थी शब्द गद्यांश में से ढूँढ़ कर लिखिए ।

   उ० **वायु**

5. 'बचाव' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

   उ० **बचाव - विद्यार्थी वाक्य स्वयं बनाएँगे ।**

**ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें - (5)**

6. गाँव में रहने वाला - **ग्रामीण**
7. जो सत्य बोलता हो - **सत्यवादी**
8. जो पुराने समय का हो - **प्राचीन**
9. जो आज के समय का हो - **आधुनिक**
10. जिसके माता-पिता न हो - **अनाथ**

**ग) दो - दो समानार्थी शब्द लिखें - (6)**

11. इच्छा - **चाह, लालसा, कामना** 12. घोड़ा - **अश्व, हय, तुरंग** 13. मित्र - **दोस्त, सखा, सहचर**

**घ) उचित क्रिया विशेषण शब्द भरो - (4)**

14. वह **उधर / वहाँ** से चला गया ।
15. **अंदर / बाहर** जाकर बैठ जाओ।
16. तुम्हें **जल्दी** उठना चाहिए।
17. ऊँट **धीरे** चलता है।



Scanned with OKEN Scanner

**ङ) क्रिया विशेषण शब्द रेखांकित करें -** **(2.5)**

18. हाथी **धीरे** चलता है।
19. वह बहुत **कम** सोती है।
20. **थोड़ा** दही ले आओ।
21. माता जी **ऊपर** कपड़े सुखा रही हैं।
22. वह **देर** तक पढ़ता रहा ।

**च) गिनती को शब्दों में लिखें -** **(6)**

23. (52) - **बावन**
24. (60) - **साठ**
25. (74) - **चौहत्तर**
26. (65) - **पैंसठ.**
27. (63) - **तरेसठ**
28. **(70) - सत्तर**

**छ) प्रत्यय लगाकर दो - दो शब्द लिखें -** **(6)**

29. वाला - **चायवाला, दूधवाला**
30. आवट - **सजावट, मिलावट**
31. नी - **चोरनी, मोरनी**

**ज) मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाएँ -** **(4.5)**

32. मक्खी मारना - **कुछ काम न करना**

**वाक्य - नौकरी छोड़ ने के बाद सरिता दिन भर मक्खियाँ मारती रहती है ।**

33. हाथ फैलाना - **भीख माँगना**

**वाक्य** - **हाथ फैलाने से अच्छा है कि थोड़े में ही गुज़ारा करो ।**

34. नौ दो ग्यारह होना - **भाग जाना**

**वाक्य - पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गया ।**

## भाग ख ( पाठ्य पुस्तक )

**झ) बहुविकल्पीय प्रश्न -** **(5)**

35. साङ्केन का त्योहार किस प्रदेश में मनाया जाता है ?

i) मध्य प्रदेश **ii) अरुणाचल प्रदेश** iii) उत्तर प्रदेश

36. गौरव छुट्टियों में मामा जी के साथ कहाँ गया ?

**i) फिरोज़पुर** ii) नैनीताल iii) मसूरी

37. वैद्यराज धन्वंतरि को अपने फोड़े के लिए जड़ी कहाँ पर मिली ?

i) सड़क पर **ii) चट्टान के पास** iii) पर्वत पर

38.गौरव के दोस्त का क्या नाम था ?

**i) नसीर** ii) नवीन iii) नसीम

39.बच्चों ने पेड़ पर क्या लगा हुआ देखा?

i) आम **ii) मधुछत्ता** iii) अंगूर



Scanned with OKEN Scanner

कक्षाः IV

**ञ) नीचे दिए उद्धरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें - (4)**

**" तीन दिनों तक मनाए जाने वाले इस त्योहार में सब लोग एक-दूसरे पर पानी फेंकते हैं और चावल का आटा लगाते हैं ।"**

40. यह उद्धरण किस पाठ से लिया गया है ?

उ० **यह उद्धरण 'साङ्केन का त्योहार' पाठ से लिया गया है ।**

41. यह त्योहार कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

उ० **यह त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाता है ।**

42. लोग एक दूसरे पर क्या फेंकते हैं?

उ० **लोग एक दूसरे पर पानी फेंकते हैं ।**

43. इस त्योहार पर लोग एक दूसरे पर क्या लगाते हैं?

उ० **इस त्योहार पर लोग एक दूसरे पर चावल का आटा लगाते हैं ।**

**ट) नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए- (6)**

44. उपचार - **इलाज** 46. व्यायाम - **कसरत** 48. बेहाल - **बेचैन**

45. फुरती - **चुस्ती** 47. भ्रमण - **सैर** 49. औषधि - **दवाई / दवा**

**ठ) सही वर्तनी (spellings) चुनें - (4)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 50. | विक्षाम | **विश्राम** | विषाम |
| 51. | **बीमारी** | बिमारी | बीमारि |
| 52. | सरवोच्च | सर्वोचच | **सर्वोच्च** |
| 53. | उँचे | **ऊँचे** | ऊंचे |

**ड) विलोम शब्द लिखें - (3)**

54. शांत - **अशांत** 55. सुबह - **शाम** 56. ताज़ा - **बासी**

**ढ) नीचे लिखे वाक्यों में काल पहचान कर लिखें - (2)**

57. सभी मित्र बैठकर बातें कर रहे थे । **भूतकाल**

58. हम कल पुस्तक मेला देखने जाएँगे । **भविष्यत काल**

**ण) सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाएँ - (1)**

59. साङ्केन खाम्ती लोगों का बहुत बड़ा त्योहार है। **(✓)**

60. साङ्केन के जुलूस में लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं । **(×)**



Scanned with OKEN Scanner

**कक्षाः IV**

**त) अति लघु प्रश्न -** **(1×3=3)**

61. माँ गौरव को बुलाने क्यों आई?

उ० **माँ गौरव को कुछ खाने के लिए बुलाने आई थी ।**

62. बगीचा कैसा था ?

उ० **बगीचा रंग-बिरंगे फूलों से भरा था ।**

63. आचार्य धन्वंतरि जंगल में क्यों गए ?

उ० **आचार्य धन्वंतरि जंगल में अपने फोड़े के इलाज के लिए जड़ी बूटी ढूँढ़ने गए ।**

**थ) लघु प्रश्न -** **(2×2=4)**

64. साङ्केन के त्योहार के लिए सब क्या - क्या तैयारियाँ करते हैं ?

उ० **साङ्केन के त्योहार से पहले लोग अपने घरों की साफ - सफ़ाई करते हैं, उन्हें सजाते हैं तथा स्वादिष्ट पकवान / व्यंजन बनाते हैं।**

65. जड़ी ने वैद्यराज से क्या कहा ?

उ० **जड़ी ने वैद्यराज से कहा -" आपके श्रम और लगन की भावना को देखकर ही तो मैं यहाँ प्रकट हुई हूँ ।"**

**द) मूल्यपरक प्रश्न** **(3)**

66. खेलने, सैर करने तथा व्यायाम करने का गौरव पर क्या असर पड़ा?

उ० **सैर करने, खेलने और व्यायाम करने से गौरव को भूख लगने लगी और उसके चेहरे पर चमक लौट आई । अब वह बहुत खुश था।**

**ध)** 67. **कहानी लेखन - सारस और लोमड़ी** **(6)**

**संकेत -** दो मित्र...... सारस को दावत पर बुलाना......... खीर बनाना...... चौड़ा बर्तन...... बदले की भावना आना......... लोमड़ी को घर बुलाना ...... लंबी गर्दन वाले बर्तन में परोसना ...... खीर न खा पाना...... पछताना ........

**शिक्षा -**

**उ० विद्यार्थी स्वयं करेंगें ।**



Scanned with OKEN Scanner